वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place: Bhopal** तारीख/**Date: 06.03.2023**

**प्रेस विज्ञप्ति /Press Release**

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा पेंशनभोगियों के कल्याण हेतु परिवर्तनकारी सुधारों के लिए DoPPW के साथ मिलकर काम करेगा

*पेंशनभोगियों के 'जीवन को आसान' बनाने के लिए BoB पेंशन पोर्टल को DoPPW के पेंशनभोगी पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा*

**भोपाल, 6 मार्च, 2023**: माननीय केंद्रीय मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री (पीपी) के तत्वावधान में पेंशन संबंधी काम-काज संभालने वाले बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधिकारियों के लिए पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (DoPPW) द्वारा 6 मार्च, 2023 को भोपाल में बैंकरों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री वी. श्रीनिवास, सचिव, DoPPW; श्री संजीव नारायण माथुर, अपर सचिव, DoPPW; बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री अजय के. खुराना और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक श्री पुरुषोत्तम भी उपस्थित रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से DoPPW के अधिकारियों की एक टीम ने पेंशन नीति में सुधार और केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया। पेंशनभोगियों से जुड़े आयकर मामलों के साथ-साथ वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के डिजिटल माध्यमों पर विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। पेंशनभोगियों की शिकायतों के कारणों का विश्लेषण किया गया, साथ ही ऐसी शिकायतों के बार-बार दोहराव से बचने के लिए उपाय भी सुझाए गए।

माननीय केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री (पीपी) ने इस कार्यशाला में भाग लेने वाले पेंशनभोगियों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की, साथ ही उन्होंने पेंशनभोगियों के जीवन को आसान बनाने के लिए पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं और डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए डिजिटलीकरण को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इन प्रक्रियाओं को अपनाने की अहमियत पर बल दिया, ताकि पेंशनभोगियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैंक के पेंशन पोर्टल को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल के साथ जोड़ना इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री अजय के. खुराना** ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "पेंशनभोगी हमारे सबसे मूल्यवान ग्राहक हैं और बैंक ऑफ़ बड़ौदा उन्हें सर्वोत्तम ग्राहक सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ हमारे राष्ट्र के निर्माण में पेंशनभोगियों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध है। फिलहाल बैंक के पास केंद्रीकृत पेंशन भुगतान केंद्र (CPPC) की एक समर्पित टीम है, जिसकी निगरानी एक नोडल अधिकारी द्वारा की जाती है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा का CPPC दो लाख से अधिक पेंशनभोगियों को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराता है।

पेंशनभोगियों के लिए सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा पोर्टल को DoPPW द्वारा विकसित एकीकृत पेंशन पोर्टल के साथ जोड़ने पर चर्चा हुई। भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अच्छी तरह लागू करने और उनका सही ढंग से लाभ लेने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने

वाले अधिकारियों और पेंशनभोगियों की जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र और फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी के महत्व और इसके फायदों पर चर्चा की गई, ताकि इनका बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया जा सके। इसकी वजह यह है कि, ऐसी टेक्नोलॉजी से पेंशनभोगियों और बैंकों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के मामले में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना संभव होगा। इस जागरूकता कार्यशाला ने बड़े पैमाने पर बैंक अधिकारियों के क्षमता निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में केंद्रीय पेंशन प्रसंस्करण केंद्र तथा पेंशन से संबंधित कार्य संभालने वाले फील्ड अधिकारियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पहली बार इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वाले कुछ पेंशनभोगियों ने भी DoPPW और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ संवाद सत्र के लिए कार्यशाला में भाग लिया। उम्मीद की जा रही है कि इस तरह की कार्यशाला के माध्यम से पेंशनभोगियों के 'जीवन को आसान बनाने' के उद्देश्य को काफी हद तक हासिल किया जा सकेगा। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2023-24 में अन्य पेंशन संवितरक बैंकों के साथ मिलकर जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

पेंशनभोगियों के 'जीवन को आसान बनाने' के उद्देश्य से सक्रियतापूर्वक बदलाव लाने के लिए विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर बैंक अधिकारियों से विस्तृत प्रतिक्रिया ली गई। समापन समारोह के दौरान, CPPC और पेंशन संबंधी कार्य संभालने वाली बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखाओं के 60 से अधिक अधिकारियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बैंक के वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों/पेंशनभोगियों के फायदे के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें से कुछ निम्नानुसार हैं:

1. पेंशन सारथी
2. वीडियो आधारित जीवन प्रमाण-पत्र
3. जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन
4. ग्राहकों के दरवाजे तक बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता
5. सीनियर सिटीजन लाउंज - प्रेरणा
6. 13 भाषाओं में उपलब्ध बॉब वर्ल्ड गोल्ड ऐप

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने देश के 3 शहरों - चंडीगढ़, दिल्ली और भोपाल में "प्रेरणा" नाम से वरिष्ठ नागरिकों के लिए 11 लाउंज बनाए हैं। इन लाउंज में वरिष्ठ नागरिकों के लिए पठन सामग्री (किताबें/समाचार पत्र), एक टेलीविजन, कंप्यूटर और कॉफी मशीन उपलब्ध हैं। बैंक के बुजुर्ग ग्राहक सहज तरीके से आ सकते हैं और बेहद सुविधाजनक माहौल में एक समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर के साथ अपनी बैंकिंग संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं।

बैंक ने बॉब वर्ल्ड गोल्ड मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया है, जो 13 भाषाओं में उपलब्ध है और इसे खास तौर पर नागरिकों और बुजुर्गों के लिए तैयार किया गया है। बॉब वर्ल्ड गोल्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक, अक्सर उपयोग की जाने वाली सेवाओं और पसंदीदा लेन-देन को अग्रिम रूप से प्रस्तुत करता है। इन सेवाओं को होम स्क्रीन पर आसानी से और सुविधाजनक तरीके से एक्सेस किया जा सकता है। इनमें डिपॉजिट रिन्यूअल, बचत खाते, स्वास्थ्य सेवाएं/फार्मेसी सर्च जैसी सेवाएं शामिल हैं।

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer

base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For further information, please contact:**
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Rohit Chadha| +91 99817 05483| rohit.chadda@dentsu.com